# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड पटना

**विद्युत भवन, बेली रोड, पटना**

**कार्यालय आदेश संख्या** 30 / **पटना, दिनांक.** 04-11-2016 /

इस वर्ष छठ पूजा के अवसर पर राज्य के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिनांक–05.11.2016 से 07.11.2016 तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के मद्देनजर निम्नांकित निदेश दिये जाते हैं:–

1 पटना एवं मुजफ्फरपुर जोन के महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों को उक्त अवधि में मुख्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश जारी करेंगे तथा इस आशय की सूचना मोबाईल पर SMS/Whatsapp संदेश द्वारा भी सभी सम्बधितों को देंगे।

2 दोनों जोन के महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों विशेषकर अनुरक्षण दल (मेंटेनेन्स टीम) को आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु तत्पर रहने एवं सभी आवश्यक अग्रिम तैयारियों को पूर्ण करने का निदेश देंगे।

3 मुख्यालय स्तर पर भी मुख्य अभियंता (सिस्टम ऑपरेशन) एवं मुख्य अभियंता (ओ0 एण्ड एम0) सभी प्रकार के अग्रिम सुरक्षात्मक कारेवाई पूर्ण करते हुए अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों/पदाधिकारियों एवं आवश्यक सामग्रियों/उपकरणों को तैयार रखेंगे।

4 विद्युत अधीक्षण अभियंता (ओ0 एण्ड एम0) एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता, SLDC दोनों स्वयं विद्युत भवन, पटना स्थित SLDC में लगातार बने रहेंगे तथा सूचनाओं का संग्रहण करते हुए सम्बंधित पदाधिकारियों को यथा आवश्यक त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश जारी करेंगे।

5 इस अवधि में मुख्यालय स्तर पर क्रिटल की टीम 24 घंटे पर्याप्त संख्या में वाहनों एवं आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सभी उपकरणों के साथ तैयार रहेगी।

6 दोनों जोन के महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता द्वारा अपने अधीनस्थ सभी संचरण अंचलों के विद्युत अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में अंचल स्तर पर एक QRT ( Quick response team) का गठन किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें संचरण अंचल एवं अभि0 एवं परी0 प्रमण्डल के अभियंताओं को लगातार अंचल मुख्यालय में बने रहने का निदेश रहेगा। यह टीम सभी ग्रिड उपकेन्द्रों एवं आपूर्ति प्रमण्डल के विद्युत कार्यपालक अभियंता/ सहायक विद्युत अभियंताओं से निरंतर सम्पर्क में रहेगी एवं आवश्यकतानुसार किसी प्रकार के विद्युत दोष/अवरोध का निराकरण कर संबंधित महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता एवं राज्य भार प्रेषण केन्द्र को संसूचित करेगी।

7 सभी संचरण प्रमण्डलों के विद्युत कार्यपालक अभियंता अपने क्षेत्राधीन ग्रिड उपकेन्द्रों एवं शक्ति उपकेन्द्रों के साथ सतत् समन्वय स्थापित करेंगें तथा निर्बाध विद्युत संचरण हेतु ग्रिड उपकेन्द्रों एवं संचरण लाईन अवर प्रमण्डलों के साथ–साथ सभी शक्ति उपकेन्द्रों में उत्पन्न विद्युत दोषों का निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगें।

8 सभी ग्रिड उपकेन्द्रों के सहायक कार्यपालक अभियंता/ कनीय विद्युत अभियंता दिनांक 05.11.2016 से लगातार 24 घंटे दिनांक 07.11.2016 तक अवर प्रमण्डल मुख्यालय में बने रहेंगें। वे छठ पूजा के अवसर पर अपने क्षेत्राधीन सभी शक्ति उपकेन्द्रों के सहायक विद्युत अभियंता/ कनीय विद्युत अभियंता के सम्पर्क में रहेंगें। जिन 33 के0 भी0 फीडरों से छठ घाटों/ छठ व्रतियों के रास्ते एवं उनके निवास स्थल को विद्युत आपूर्ति होती है, उस फीडरों को प्रत्येक घंटे लोड का आकलन कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगें।

9 सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता/ विद्युत कार्यपालक अभियंता/ सहायक कार्यपालक अभियंता आपातकालीन स्थिति यथा लाईन एवं ग्रिड ब्रेकडाउन के लिए सभी प्रकार के आवश्यक उपकरणों एवं यथा आवश्यकता संधारण कर्मियों को तैयार रखेंगें, ताकि आपात स्थिति से त्वरित निपटा जा सके।

10 विद्युत अधीक्षण अभियंता/ विद्युत कार्यपालक अभियंता/ सहायक कार्यपालक अभियंता स्थानीय जिला/अनुमण्डल/प्रखण्ड/ पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखेंगें एवं उनसे सूचना प्राप्त कर छठ व्रतियों के सुविधा के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विशेष कदम उठाऐंगें।

11 किसी भी परिस्थिति में अधोहस्ताक्षरी/ निदेशक (परियोजना) के पूर्वानुमति (लिखित/दूरभाषिक) के बिना शटडाउन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

12 छठ पूजा के अवसर पर बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड मुख्यालय स्तर पर राज्य भार प्रेषण केन्द्र में एक नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष दिनांक 05.11.2016 से 07.11.2016 तक श्री देवेन्द्र कुमार सिंह, विद्युत अधीक्षण अभियंता, राज्य भार प्रेशण केन्द्र के निगरानी में कार्य करेगी।

**(संदीप के0 आर0 पुडलकट्टी)**
प्रबंध निदेशक

ज्ञापांक 192 / पटना, दिनांक 04-11-2016/

प्रतिलिपिः निदेशक (परियोजना)/सभी मुख्य अभियंता/सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन /सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल/ उप महाप्रबंधक (आई0 टी0)/डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल/ अभि0 एवं परी0 प्रमण्डल/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता/ सभी कनीय विद्युत अभियंता, ग्रिड उपकेन्द्र/ संचरण लाईन अनुमण्डल, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

**( संदीप के0 आर0 पुडलकट्टी )**
प्रबंध निदेशक

ज्ञापाक 199 /                                                                 पटना, दिनांक 04-11-2016/

प्रतिलिपिः सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ।

( संदीप के० आर० पुडलकट्टी )
प्रबंध निदेशक

ज्ञापाक 199 /                                                                 पटना, दिनांक 04-11-2016/

प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड पटना को सूचनार्थ।

( संदीप के० आर० पुडलकट्टी )
प्रबंध निदेशक

ज्ञापाक 199 /                                                                 पटना, दिनांक 04-11-2016/

प्रतिलिपिः अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ।

( संदीप के० आर० पुडलकट्टी )
प्रबंध निदेशक